तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 22 सितंबर 2025

[ बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट ]



10 नशीली टेबलेट के साथ युवक पकड़ाया



12 आधुनिकता और सांस्कृतिक विरासत का संगम ही...




## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

# मुल्लू चौक की महारानी और मारवाड़ी समिति की दुर्गा पूजा की तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थानखम्हरिया

नगर और आसपास के क्षेत्रों में दुर्गा पूजा की तैयारियाँ शुरू हो गई हैं। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के सभी पूजा स्थल मूर्ति और पंडाल निर्माण में व्यस्त हैं।

नगर में लंबे समय से मारवाड़ी दुर्गा उत्सव समिति द्वारा दंतेश्वरी मंदिर के मुख्य द्वार का स्वरूप पंडाल में बनाया जा रहा है। वहीं, मुल्लू चौक की महारानी दुर्गा उत्सव समिति ने मंडप और कुटिया का भव्य स्वरूप तैयार किया है। जिसमें मां दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। शारदीय नवरात्र को देखते हुए नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की सभी दुर्गा उत्सव समितियां पूरी मेहनत और उत्साह के साथ तैयारियों में जुटी हैं। समिति के सदस्य तन-मन-धन से इस पावन पर्व को संजोने में लगे हैं। पूर्वजों द्वारा शुरू की गई इस परंपरा को आज भी नगर के प्रबुद्ध नागरिक और युवा वर्ग बड़े उत्साह के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। दुर्गा पूजा केवल धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व ही नहीं, बल्कि शक्ति और विजय का प्रतीक भी मानी जाती है। नगर और आसपास के इलाकों में जगह-जगह भव्य पंडाल बनाने का काम तेजी से चल रहा है। मूर्तिकार देवी मां की आकर्षक प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं, जबकि मजदूर और कारीगर पंडालों को सजाने और भव्य बनाने में दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।

### दंतेश्वरी मंदिर के मुख्य द्वार का स्वरूप पंडाल में बनाया जा रहा




#### नवरात्रि-दशहरा की तैयारियों को लेकर शांति समिति की बैठक



**बेमेतरा/थान खम्हरिया।** नगर में आगामी दुर्गा पूजा और दशहरा त्योहार को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार मोरध्वज साहू, थाना प्रभारी चंद्र देव वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि चंदन अग्रवाल, पत्रकार अनिल सिंघानिया सहित अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया। विसर्जन के समय गैर-तैराक और बच्चों को पानी में उतरने से रोकने के निर्देश दिए गए। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। समिति ने सभी से त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। नई परंपराओं की शुरुआत न करने, ▶▶|शेष पेज 12 पर

### वारदात : हत्या करने के बाद आरोपी पहुंचा थाने, किया आत्मसमर्पण

# शराबी पति ने मां और बेटी के सामने पत्नी का गला रेत दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नांदल गांव रविवार दोपहर एक खौफनाक और दिल दहला देने वाली घटना का गवाह बना। शराब के नशे में धुत राजू साहू 40 वर्ष जो पेशे से ठेकेदार है, ने अपनी पत्नी धनेश्वरी 35 वर्ष का हंसिए से गला रेतकर बेरहमी से हत्या कर दी। घटना उस समय हुई जब उसकी छोटी बेटी 14 वर्ष और मां घर पर मौजूद थीं। घटना दोपहर करीब 1 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार धनेश्वरी खेत से घर लौटी थी। उसी समय पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि रविवार को किस बात को लेकर झगड़ा शुरू हुआ। रोज़-रोज़ के झगड़े की आदत इस बार खूनी अंजाम तक पहुंच गई। गुस्से में बेकाबू राजू ने घर में रखा हंसिया उठाया और पत्नी पर वार कर दिया। पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद राजू साहू सीधे नवागढ़ थाने पहुंचा और पुलिस ▶▶|शेष पेज 12 पर

- अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई की मांग पर ग्रामीण अड़े







**आरोपी के हैं तीन बच्चे-** आरोपी राजू साहू की दो बेटियां और एक बेटा हैं। हत्या के समय घर पर सिर्फ छोटी बेटी और मां मौजूद थीं। बाकी दो बच्चे काम के सिलसिले में घर पर नहीं थे। यह पूरी घटना परिवार और बच्चों के लिए अत्यंत दर्दनाक साबित हुई।

**जल्द की वास्तविक वजह का होगा खुलासाः एसडीओपी-** एसडीओपी कौशल्या साहू ने कहा कि यह एक बेहद दुखद और भयावह मामला है। पुलिस मामले की गहनता और हर एंगल से जांच कर रही है और जल्द ही हत्या की वास्तविक वजह का खुलासा करेगी। हम गांव में शांति बनाए रखने के लिए पूरी तैयारी कर रहे हैं और अवैध शराब की बिक्री पर कार्रवाई भी सुनिश्चित करेंगे।

**ग्रामीणों की चेतावनी-** ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि अवैध शराब की बिक्री पर तुरंत रोक नहीं लगाई गई तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। उनका कहना है कि इस तरह की वारदात का मूल कारण शराब और उसके नशे में उत्पन्न घरेलू विवाद हैं।

**ग्रामीणों ने शव उठाने से किया इनकार-** वारदात की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में गांववाले मौके पर जुट गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतका का शव को उठाने से इनकार कर दिया। गांव में हो रही अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई की मांग पर अड़ गए।

# सुरही नदी में बहे बच्चे का शव मिला, गांव में मातम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर



नगर से बहने वाली सुरही नदी में शनिवार को साइकिल धोते समय बहे 12 वर्षीय मयंक देवांगन का शव रविवार को बरामद हो गया है। यह दुखद घटना शनिवार दोपहर करीब 1 बजे बाजार के पास स्थित बनिया घाट एनीकेट पर हुई थी। मयंक, जो अपनी चार बहनों का इकलौता भाई था, स्कूल से लौटने के बाद साइकिल धोने के लिए गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार, एनीकेट बहुत फिसलन भरा था और पिछले 12 दिनों से पानी का तेज बहाव था। इसी दौरान, मयंक फिसलकर तेज धार में बह गया।

- 21 घंटे बाद मिला शव, 6 घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन

**एसडीआरएफ की टीम ने चलाया रेस्क्यू अभियान-** घटना की सूचना मिलने के बाद, एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) बेमेतरा और दुर्ग की टीमों ने शनिवार शाम 5:30 बजे रेस्क्यू अभियान शुरू किया। रात 8:30 बजे तक लगातार खोजबीन के बाद, अंधेरा होने के कारण अभियान रोकना पड़ा। अगले दिन, रविवार सुबह 9 बजे टीम ने फिर से अभियान शुरू किया। करीब ढाई घंटे की कड़ी मेहनत के बाद, सुबह 11:30 बजे मयंक का शव घटना स्थल से लगभग 350 मीटर दूर संतोषी मंदिर के पीछे बैगा घाट में मिला। इस रेस्क्यू टीम में 23 सदस्य शामिल थे, जिसका नेतृत्व बलदाऊ ठाकुर और धनीराम यादव ने किया। देवकर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए साजा के सरकारी अस्पताल भेजा।

**गांव में शोक का माहौल-** मयंक के अचानक चले जाने से पूरा परिवार सदमे में है। माता-पिता और चार बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक का माहौल है और सभी लोग इस दुखद घटना से दुखी हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि एनीकेट पर सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं तो ऐसे हादसों को रोका जा सकता है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द जरूरी कदम उठाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएं न हों।

## खबर संक्षेप

### ताम्रज धीवर डॉ. अंबेडकर की थ्री-डी मूर्ति बनाकर प्रथम



**बेमेतरा।** जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में लावातरा हाईस्कूल के छात्र ताम्रज धीवर ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया है। उसने यह उपलब्धि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की एक त्रिविमीय (3डी) मूर्ति बनाकर हासिल की। इस जीत के साथ ही ताम्रज अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हो गए हैं। बेरला विकासखंड के शासकीय हाईस्कूल लावातरा के कक्षा 10वीं के छात्र ताम्रज धीवर ने अपनी इस रचनात्मक प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया। जिला स्तरीय कला उत्सव में जिले के चारों विकासखंडों से आए विद्यार्थियों ने विभिन्न कला विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया था। विद्यालय के प्रिंसिपल रविशंकर देशलहरे और सभी शिक्षकों ने ताम्रज की इस उपलब्धि पर खुशी जताई और उसे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

### बिजली संकट को लेकर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी का धरना कल

**बेमेतरा।** जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रदेश कमेटी के आव्हान पर पूरे प्रदेश में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में बेमेतरा जिला इकाई के नेतृत्व में मंगलवार को सुबह 10 बजे से कचहरी चौक, बेमेतरा में विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। धरने का मुख्य मुद्दा प्रदेशभर में हो रही अघोषित बिजली कटौती, मनमाने बिल और लो वोल्टेज की समस्या है, जिससे आम जनता, किसान और व्यापारिक वर्ग लगातार परेशान हैं। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व बेमेतरा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पटेल, नगर अध्यक्ष सूर्या सिंह चौहान, नगर उपाध्यक्ष ▶▶|शेष पेज 12 पर

# शासकीय प्राथमिक शाला आंदू में मनाया स्वच्छता पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखंड के आंदू ग्राम में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में बच्चों ने स्वच्छता पखवाड़े का उत्साहपूर्वक आयोजन किया। इस अवसर पर शिक्षक आशीष वर्मा ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्हें बताया कि सिर्फ अपने शरीर को ही नहीं, बल्कि अपने आसपास के वातावरण को भी स्वच्छ रखना आवश्यक है। शिक्षक आशीष वर्मा के मार्गदर्शन में प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों ने मिलकर शाला प्रांगण की सफाई की। बच्चों को प्रतिदिन भोजन से पहले साबुन से हाथ धोने और बार-बार हाथों की उंगलियों को नाक या मुंह में डालने से बचने की बात समझाई गई। उन्होंने बताया कि अस्वच्छ हाथों से कीटाणु और विषाणु शरीर में प्रवेश कर गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं।



इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक मुकेश कुमार भूआर्य, वीरेंद्र बंछोर और पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक जय नारायण ठाकुर तथा शिक्षक अनीश दास मानिकपुरी भी उपस्थित रहे।

### सेवा पखवाड़ा में चलाया गया स्वच्छता-पौधरोपण अभियान



**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर शहर मंडल बेमेतरा ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता और पौधरोपण अभियान चलाया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन ने किया। कार्यक्रम में माता परमेश्वरी मंदिर और जिला चिकित्सालय परिसर की सफाई की गई और पौधरोपण किया गया। शहर मंडल के राजु देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से पूरे देश में स्वच्छता को जन आंदोलन का रूप दिया है। इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें विकास तंबोली, राजकुमार खांडे, मनिष छाबड़ा, रोशन दत्ता, रेवाराम निषाद, अनिल मखीजा, संदीप यादव, भानु साहू, पप्पू देवांगन समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

# प्राथमिक शाला फरी में स्वच्छता पखवाड़ा चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला फरी विकासखंड बेमेतरा में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता और नाटक में भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने स्वच्छता, स्वास्थ्य और सुंदर जीवन के महत्व को अपने आकर्षक चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कक्षा अनुसार पुरस्कार देकर उनके उत्साह और आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया गया।



### श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

नाटक मंचन में विद्यार्थियों ने समाज में फैली गंदगी और उसके दुष्परिणामों को जीवंत अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया और संदेश दिया कि स्वच्छता अपनाकर बीमारियों से बचा जा सकता है तथा स्वस्थ वातावरण बनाया जा सकता है। प्रधान पाठक बजरंग शर्मा ने बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि स्वच्छता को ▶▶|शेष पेज 12 पर

### भिम्भौरी में आयोजित हुआ पुरखा के सुरता कार्यक्रम

# जीवन में श्राद्ध के लिए श्रद्धा जरूरी : देवलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

पितृपक्ष के पावन अवसर पर कलाकारों का गढ़ आदर्श नगर भिम्भौरी एक दिव्य आयोजन का साक्षी बना। यहाँ दिवंगत आत्माओं की पुण्य स्मृति में "पुरखा के सुरता" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसकी परिकल्पना विनोद साहू ने की। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध मानस मंडलियों ने राम जी की कथाओं का वर्णन किया तथा अपने मंचन के माध्यम से छत्तीसगढ़ लोककलाकार पुरखा- पुरोधाओं को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसमें श्री कृष्ण मानस मंडली आनंदगांव, शिव शक्ति मानस मंडली कपसदा, जय दुर्गा मानस मंडली बेंदरी, कला सिताछी महिला मानस मंडली सिंगदेही, जय बजरंग मानस मंडली डंडेसरा, जय जगत आजाद मानस मंडली आलेखुटा सहित कई मंडलियों ने अपनी गरिमामयी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अतिथि माँ भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा के अध्यक्ष देवलाल सिन्हा थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में गोस्वामी तुलसीदास के पद को उद्धृत करते हुए कहा – जे श्रद्धा संबल रहित, नहीं संतन्ह कर साथ, तिन्ह कहु मानस अगम अति, जिन्हही न प्रिय रघुनाथ।

### जीवन में पहले श्रद्धा और अंत में श्राद्ध का महत्व है

सिन्हा ने आगे कहा कि जीवन में पहले श्रद्धा और अंत में श्राद्ध का महत्व है। जब तक मनुष्य जीवित है, तब तक श्रद्धा ही उसका संबल है, वहीं मृत्यु उपरांत श्राद्ध के रूप में परिणत होती है। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक व श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे जिनमें माखन साहू, महाराज दिन धीवर, हरीशचंद्र वर्मा, चेतन साहू, राजेंद्र मानिकपुरी, गोपी साहू, उत्तम साहू, दाऊ शेखर परगनीहा, कमलेश वर्मा, राजेंद्र वर्मा, श्याम कुमार वर्मा, मनोज वर्मा, संतराम धीवर, यामिनी साहू, सदानंद यदु, सूरज प्रसाद तिवारी, बल्ला साहू, डॉ. युके देवांगन सहित नगरवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम ने न केवल पितृपक्ष की गरिमा को पुनः जागृत किया बल्कि नई पीढ़ी को भी यह संदेश दिया कि जीवन में श्रद्धा ही सबसे बड़ा संबल है।



# स्वच्छता जागरूकता अभियान में सहयोग ने किया जोरदार प्रयास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सहयोग संगठन ने आज अपने स्वच्छता अभियान के दूसरे चरण में सदर रोड और माँ शीतला मंदिर रोड के व्यापारियों को स्वच्छता बनाए रखने की अपील की और उन्हें डस्टबिन वितरित किए। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा और उनके पार्षदों ने डोर टू डोर जाकर लोगों से अपील की कि सड़कों और नालियों में कचरा न डालें, क्योंकि यह पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

अध्यक्ष और पार्षदों ने आम जनता से आग्रह किया कि वे भी बेमेतरा को स्वच्छ और सुंदर बनाने में अपना योगदान दें। आज के जागरूकता अभियान में सहयोग के प्रमुख साथी सुशील शर्मा, लक्ष्मी नारायण साहू, गैंद लाल साहू, शशि सचदेवा, मंजीत सलूजा, संतोस चौहान, संजय दुबे, राज सिन्हा, मुन्ना माखीजा, डॉ. लाला राम साहू, नलेश्वर साहू, गिरीश मिश्रा, हसन कदारी, ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### दुर्गेश कुमार जायसवाल बने ओबीसी महासभा एसटी-एससी जिलाध्यक्ष

**हरिभूमि कवर्धा।** प्रदेश स्तरीय बैठक अखिल भारतीय ओबीसी महासभा एसटी-एससी संयुक्त संगठन छत्तीसगढ़ द्वारा कबीरधाम जिले के दुर्गेश कुमार जायसवाल को जिलाध्यक्ष बनाया गया। श्री जायसवाल पिछले 7 वर्षो से समाज सेवा कार्य करते आ रहे है, उनके निःस्वार्थ भाव सामाजिक कार्य व निष्ठा लगन को देखते हुए, उन्हे जिलाध्यक्ष पद दिया गया है। दुर्गेश कुमार जायसवाल छात्र हित के लिए बहुत काम करते आ रहे है, उन्होने स्कूल से लेकर कॉलेज तक अन्याय के खिलाफ हमेशा आवाज उठाते है तथा छात्र हित के लिए हमेशा काम करते आ रहे हैं, जैसे छोटे स्कूल के बच्चो को कॉपी-पेन, ड्रेस आर्थिक सहायता व इसी तरह कोई भी वर्ग का सामाजिक नीति हो अन्याय के खिलाफ हमेशा आवाज उठाए है और समाज के लिए बहुत उचित कार्य किए है। जिस पर श्री जायसवाल को जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह व खुशी का माहौल बना हुआ है।



# शराब की अवैध बिक्री, 64 पौवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ धरपकड़ अभियान पुलिस ने तेज कर दिया है। दो स्थानों पर पुलिस ने दबिश दी, जहां से बिक्री हेतु रखे गए शराब बरामद किए गए। वहीं आरोपी मौके से फरार हो गए। जिनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री में लगाम लगाने शराब कोचियों, तस्करों पर नजर रखने के साथ ही साथ अवैध गतिविधियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकूबाज एवं अन्य असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में 20 सितंबर को मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी पवन गौली 28 साल निवासी बुधवारीपारा अपने मकान के कोठा में अवैध रूप से शराब रखकर शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर रेड कार्रवाई किया। आरोपी को पुलिस रेड कार्रवाई की भनक लगने पर मौके से फरार हो गया। आरोपी के मकान के कोठा एवं आसपास को चेक करने पर आरोपी के कोठा में 14 पौवा देशी मसाला एवं 20 पौवा देशी प्लेन शराब कुल 34 पौवा कीमती 3000 रुपए मिला, जिसे जब्त किया गया। फरार आरोपी पवन गौली के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट का कार्रवाई कर आरोपी का पता तलाश किया जा रहा है।

### डस्टबिन में छिपाकर रखी थी शराब की बोतलें

अन्य प्रकरण में पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी खेमलाल कदम निवासी ग्राम मुरमुंदा द्वारा अपने दुकान के पीछे अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा मौके पर जाकर रेड कार्रवाई की। आरोपी को पुलिस रेड कार्रवाई की भनक लगने पर मौके से फरार हो गया। दुकान एवं आसपास को चेक करने पर आरोपी के दुकान के पीछे डस्टबिन में 14 पौवा देशी मसाला एवं 16 पौवा देशी प्लेन शराब कुल 30 पौवा देशी शराब कीमती 2680 रुपए मिला, जिसे जब्त कर फरार आरोपी खेमलाल कदम के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकारी एक्ट का कार्रवाई कर आरोपी का पता तलाश किया जा रहा है।

## नशीली टेबलेट के साथ युवक पकड़ाया

**राजनांदगांव।** नशीले पदार्थों की अवैध रूप से बिक्री एवं तस्करी करने वालों के खिलाफ जिलेभर में पुलिस द्वारा कार्रवाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत डोंगरगढ़ पुलिस ने नशीली टेबलेट के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर 97 नग नशीली टेबलेट को जब्त किया गया। डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत अभियान के तहत 20 सितंबर को पुलिस को सूचना मिला कि शेंडे लॉज डोंगरगढ़ के पार्किंग के पास डोंगरगढ़ में आरोपी नागेश्वर उइके 20 साल निवासी ठेठवारपारा डोंगरगढ़ अवैध रूप से नशीली टेबलेट रखा है।




**आरोपी गया जेल :** सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल कार्रवाई करते मौके पर पहुंचकर रेड़ कार्रवाई की। घेराबंदी कर आरोपी नागेश्वर उइके को पकड़कर आरोपी से अपने कमर में बांधकर रखे काला रंग की पोच के अंदर में रखे नशीली टेबलेट कुल 97 नग नशीली टेबलेट कीमती लगभग 436 रुपए एवं 200 रुपए नगद कुल रकम 636 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 21(ख) एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर आरोपी को ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# बिजली तार टूटकर सड़क के बीचों-बीच गिरा, कोई हताहत नही



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कंझेटा में रविवार को सुबह 9:30 बजे मुख्य सड़क के बीचों बीच बिजली तार टूट कर गिर गई। इस घटना में कोई हताहत तो नहीं हुआ, लेकिन आवाजाही बाधित रहा।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बिजली विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा लाइन ठीक करने के प्रयास में जुटे हुए हैं। इसे गनीमत ही कहे कि बिजली तार टूटकर सड़क के बीचो-बीच गिरने से कोई हताहत नहीं हुई तथा राहगीरों व आसपास के रहवासियों में हड़कंप मच गया। वहीं बड़ी मशक्कत के बाद बिजली कर्मियों द्वारा टूटे बिजली के तार को फिर से जोड़कर बिजली सप्लाई शुरू कराया। इस बीच करीब घंटों तक बिजली आपूर्ति भी ठप रही। ग्राम कंझेटा में अचानक मुख्य मार्ग में बिजली तार टूटकर गिर गया। इसे भगवान की कृपा ही कहे कि कोई हताहत नहीं हुआ अन्यथा बड़ी दुर्घटना-हादसा की संभावना हो सकती थी।

# 9 साल बाद 10 दिन होगी मां दुर्गा की आराधनाः आचार्य प्रशांत शर्मा



■ नवरात्रि पर्व को लेकर ग्रामीण भक्तजनों में भारी उत्साह का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में माता रानी की नौ स्वरूपों की पूजा और व्रत रखने के लिए मनाया जाता है। अश्विन अथवा शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से शुरू होंगे, जो कि 9 वर्ष बाद इस बार तृतीया तिथि की वृद्धि होने से माता की आराधना एक दिन ज्यादा होने से नवरात्र 10 दिन के होंगे। वहीं विजयदशमी पर्व 2 अक्टूबर को मनाया जाएगा। जिस पर भागवताचार्य प्रशांत शर्मा ने बताया कि 2016 में भी द्वितीया तिथि की वृद्धि होने के कारण ऐसा ही संयोग बना था, मां दुर्गा का आगमन हाथी की सवारी पर होगा, यह समृद्धि, संतुलन और शांति का संकेत है। प्रस्थान के समय मां नव पर सवार होगी, जो नए मार्ग उत्साह और जन जीवन में उत्सव का प्रतीक है। यह शुभ योग समाज में सकारात्मक बदलाव की संभावना दर्शाता है, यह पर्व मां दुर्गा के नौ स्वरूप शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंद माता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की भक्ति का है। प्रत्येक दिन का महत्व है, जो जीवन में उद्धार ,शक्ति, बुद्धि, आनंद और साधना की ओर ले जाता है।

# बारदी में स्वच्छता अभियान चलाकर पौधरोपण किया गया



■ पौधरोपित कर जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों को किया जन-जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ग्राम बारदी में सरपंच, पंच व ग्रामवासियों द्वारा एक कदम स्वच्छता की ओर साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए गांव की चौक चौराहे एवं नालियों का साफ-सफाई किया गया। तत्पश्चात पौधरोपण कार्यक्रम में सामूहिक रूप से पौधरोपित कर स्वच्छ और सुंदर ग्राम व स्व्च्छ वातावरण बनाने एक कदम स्वच्छता की ओर अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि प्रमोद साहू, बूथ अध्यक्ष जलेश, पंच भागीरथी, सूरज, तिलक, रामकिशोर, रमेश, मुकेश, सुनील, दिनेश, बलदेव, नारायण, राजेंद्र, शोभा सहित ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

# 28 सितंबर को पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम कवर्धा में प्रखर राष्ट्रवादी वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का व्याख्यान



**हरिभूमि कवर्धा।** प्रखर राष्ट्रवादी वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का एक दिवसीय व्याख्यान आगामी 28 सितंबर को दोपहर 02 बजे पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम कवर्धा में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन सनातन संस्कार संस्कृति के तत्वाधान में किया जा रहा है। रविवार को यूथ क्लब भवन में कार्यकम की तैयारी को लेकर विशेष बैठक आयोजित हुई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई और तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में राजकुमार वर्मा, भगत पटेल, कैलाश शर्मा, दुर्गेश देवांगन, महेंद्र ठाकुर, हजारी चंद्रवंशी, प्रदीप आस्था, परस साहू, शिवकुमार चंद्रवंशी, वेदराम साहू, ओंकार राजपूत, खोमेश राजपूत, मनोहर साहू, दुर्योधन पाली, हर्षित चौबे, जितेंद्र वर्मा, सत्यम शिवम सुंदरम, वेद साहू सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थें। पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ अपने राष्ट्रवादी विचारों और प्रखर वक्तृत्व शैली के लिए देश-विदेश में जाने जाते हैं। वे अपने व्याख्यानों के माध्यम से युवाओं में राष्ट्र प्रेम, सनातन मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना का जागरण करते हैं। कार्यक्रम को लेकर लोगों में काफी विशेष उत्साह देखा जा रहा है और आयोजक इसे ऐतिहासिक बनाने की तैयारियों में जुटे हैं। आयोजन समिति ने लोगो से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई।

## चितेरे फाउंडेशन के तत्वाधान में 150 छात्राओं ने सीखा गोंड पेंटिंग आर्ट



**हरिभूमि कोलेगांव।** शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा जयंती व भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस की मंगलमय अवसर पर भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय गोंड आर्ट पेंटिंग प्रशिक्षण 2025 का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 13, 15 व 16 सितम्बर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला पंडरिया मे आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 150 छात्राओं ने गोंड पेंटिंग बनाना सीखा और इस आर्ट के महत्व को भी समझा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आदिवासी कला और संस्कृति को प्रोत्साहित करते हुए अपने विदेश यात्रा के दौरान कई राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को गोंड आर्ट भेंट करते हैं और अपने प्रधानमंत्री कक्ष को गोंड आर्ट से सुसज्जित करें है। इसी से प्रेरित होकर चितेरे फाउंडेशन ने छत्तीसगढ़ मे पहली बार गोंड आर्ट को कन्या शाला पंडरिया के छात्राओं को पेंटिग के महत्व, पेंटिंग के पैटर्न के बारिकीयों के साथ सीखाया। कार्यक्रम के समापन पर सभी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया एवं छात्राओं ने भी पोस्ट कार्ड में लिखकर प्रधानमंत्री को जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलबीर विश्वकर्मा राष्ट्रीय पेंटिंग अवार्डेड, डारेक्टर व राष्ट्रीय अध्यक्ष चितेरे फाउंडेशन, अध्यक्ष कन्या शाला पंडरिया की प्राचार्या श्रीमती एनके एक्का, विशिष्ट अतिथि सुश्री तान्या मरावी राष्ट्रीय गोंड चित्रकार व सहायक डारेक्टर, सुश्री दिप्ती मानिकपुरी महिला प्रभारी, सुश्री कृति चद्रवंशी युवा संयोजक, प्रभात विश्वकर्मा सह सचिव, ओमप्रकाश साहू ब्लाक अध्यक्ष पंडरिया, चद्रशेखर पटेल, सुरज मानिकपुरी, कमलेश साहू तथा छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# जन स्वास्थ्य अभियान छत्तीसगढ़ ने स्वास्थ्य सेवाओं पर राज्य स्तरीय बैठक का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जन स्वास्थ्य अभियान इंडिया की छत्तीसगढ़ इकाई ने राज्य में स्वास्थ्य और स्वास्थ्य देखभाल की स्थिति पर चिंतन करने के लिए रायपुर में राज्य स्तरीय बैठक का आयोजन किया। बैठक का शुभारंभ डॉ साईबाल जाना और अलका जाना को स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित करते हुए किया गया। बैठक में 21 जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपने-अपने क्षेत्रों की स्वास्थ्य समस्याओं, उनके कारणों और संभावित समाधानों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में स्वास्थ्य विशेषज्ञों, स्वास्थ्य प्रदाताओं और विभिन्न यूनियनों के सदस्यों ने महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। महिलाओं का स्वास्थ्य मंजीत कौर बल ने कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति-जागरूक करने के लिए व्यापक प्रयास करने की आवश्यकता है, ताकि उन्हें पता हो कि कब डॉक्टर या अस्पताल से संपर्क करना है। स्वास्थ्य समस्याओं के मूल कारण- डॉ प्रबीर चटर्जी ने कुपोषण, पर्यावरणीय प्रभावों और नीतिगत कमियों को स्वास्थ्य समस्याओं का एक बड़ा कारण बताया। यूनिवर्सल हेल्थ केयर डॉ राकेश गुप्ता ने कहा कि अभी भी एक ऐसे मॉडल की कमी है जो हर व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवा पहुंचा सके। उन्होंने छत्तीसगढ़ में सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने पर जोर दिया। शोध और प्रचार-प्रसार-पब्लिक हेल्थ विशेषज्ञ डॉ गजानन फुटके ने स्वास्थ्य जानकारियों के साथ-साथ शोध और उनके प्रचार-प्रसार को भी महत्वपूर्ण बताया। सरकारी सेवाओं की मजबूती जन स्वास्थ्य अभियान इंडिया के राष्ट्रीय संयोजक अमूल्य निधि ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना और स्वास्थ्य सेवाओं के निजीकरण को रोकना है। उन्होंने कहा कि अभियान देश के 21 राज्यों में कार्यरत है। निजीकरण एवं पीपी मॉडल जन स्वास्थ्य अभियान इंडिया के राष्ट्रीय संयोजक गौरांग महापात्र ने कहा कि जिस तरीके से स्वास्थ्य सेवाओं का निजीकरण किया जा रहा है और उसे पीपीपी मॉडल में दी जा रही है। यह बहुत ही गंभीर विषय है, राज्य को निजीकरण को रोकना चाहिए साथ ही पीपीपी मॉडल के बजाय सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूतीकरण करने की जरूरत है। बैठक में तकनीकी सत्र का संचालन सरवत हुसैन नकवी, पुनिता कुमार और प्रकाश कुमार गार्डिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन श्रीमती मीतू हेनरी ने किया, तकनीकी फैसिलिटेटर की भूमिका दीपक कुमार बागरी ने निभाई। बैठक में जन स्वास्थ्य अभियान छत्तीसगढ़ के संयोजक चंद्रकांत यादव ने कहा कि अभियान छत्तीसगढ़ में स्थानीय स्वास्थ्य समस्याओं को हल करने और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के साथी मिलकर राज्य के लिए एक स्वास्थ्य प्लान तैयार करेंगे और उसे सरकार को सौंपेंगे।




# छग सहायक, समग्र शिक्षक फेडरेशन की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



स्थानीय समस्याओं के निदान और बेहतर शिक्षा गुणवत्ता को लेकर शिक्षकों की कार्ययोजना सहित अन्य विषयों पर छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन की जिला स्तरीय बैठक मे चर्चा हुई।

जिला अध्यक्ष रामलाल साहू की उपस्थिति मे आयोजित बैठक मे जिले के दोनो ब्लाक खैरागढ़, छुईखदान ब्लॉक अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी गठन को लेकर चुनाव, संगठन के सदस्यता, बिना किसी सूचना के अन्य संगठनों में जाकर सदस्य बनने व पद लेने वाले साथियो की वापसी अथवा कारवाई, छुईखदान ब्लॉक में शाला संचालन का समय 9.45 से 4 बजे तक करने संबंधी जारी आदेश और शेष एरियर राशि भुगतान के अलावा दोनों ब्लॉक मे कार्यरत शिक्षकों को किस आधार पर लगातार विभिन्न कारणों से स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है अचानक इसकी संख्या बढ़ने के पीछे की वजह को लेकर भी सदस्यों ने बैठक मे विस्तृत चर्चा की। इस दौरान जिलाध्यक्ष भिखेद्र जंघेल, सचिव शिवचरण वर्मा, कोषाध्यक्ष संजू राम कंवर, भगवती प्रसाद सिन्हा, गांधीराम साहू, लुमेश्वरी साहू, भुनेश्वरी लहरें, महेश्वरी मरकाम, छुईखदान ब्लाक अध्यक्ष कौशल श्रीवास्तव, खैरागढ़ ब्लाक अध्यक्ष दुर्गेश कुमार सोनी, संतोष तोड़े, तोकराम सिन्हा, टीका देशमुख, लेखराम वर्मा, पूर्णेश वैष्णव, हब्बूराम कंवर, कृष्णा जंघेल, खेमचंद साहू, बलिराम वर्मा, विक्की नेताम सहित बडी संख्या मे फेडरेशन सदस्यउपस्थित थे।





# भगवान दत्तात्रेय महायज्ञ व प्राणप्रतिष्ठा





**दिनाँक**
**22 सितम्बर 2025 से 30 सितम्बर 2025**

**यज्ञाहुति समय**
**प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक**

साधु प्रसन्न , भरे घर भण्डार ।
साधु बिगड़े , होवे बंटाधार ।।

## नवरात्रि नौ दिन की होती है दस दिन की नहीं

प्रथमं शैलपुत्री च द्वितीयं ब्रह्मचारिणी।
तृतीयं चन्द्रघण्टेति कूष्माण्डेति चतुर्थकम्।।
पंचमं स्कन्दमातेति षष्ठं कात्यायनीति च।
सप्तमं कालरात्रिति महागौरीति चाष्टमम्।।
नवमं सिद्धिदात्री च नवदुर्गा प्रकीर्तिताः।।

देवी पार्वती ने सोचा मेरे पास ऐसा रक्षक क्यों नहीं, जो सिर्फ मेरा हो। फिर पार्वती जी ने अपने हल्दी के उबटन से एक बालक बनाया और अपने दिव्य शक्ति से उसमें प्राण फूंक दिया। फिर पार्वती ने उसे आदेश दिया कि जब तक वह स्नान करके बाहर ना आ जाए तब तक किसी को भी भीतर नहीं आने देना। संयोग से इसी दौरान भगवान शिव वहां आए उन्होंने भीतर जाना चाहा परंतु गणेश जी जो शक्ति के साक्षात स्वरूप हैं द्वार पर अटल खड़े रहे, उन्होंने शिवजी को भीतर जाने से रोक दिया, शिवजी ने समझाया, विनती की, पर गणेश जी नहीं माने, दोनों के बीच भीषण युद्ध हुआ। शिवजी का सब्र टूट गया, क्रोधित शिव जी ने त्रिशूल से गणेश जी का सिर काट दिया। देवी पार्वती को जब पता चला कि शिव ने गणेश का सिर काट दिया है, तो उनका क्रोध व दुख इतना भयानक था कि पूरा ब्रह्मांड कांपने लगा। शिवजी समझ गए अगर उनके पुत्र को तुरंत जीवित नहीं किया गया, तो पूरी सृष्टि का विनाश कर देगी, शिवजी ने गणेश की धड़ पर हाथी का मस्तक लगाकर जीवन दान दे दिया तभी से शिवजी ने उन्हें संपूर्ण सामर्थ्य और शक्तियां प्रदान करते हुए प्रथम पूज्य और गणों का देव बनाया।



**संत श्री माता जी**
**संस्थापक**
**तीर्थराज देवि निकुंभला**
**राजलक्ष्मी मंदिर**
**जय शक्ति आश्रम**
**ग्राम – निकुम, जिला – दुर्ग (छ.ग.)**

तीर्थराज देवि निकुंभला मंदिर व
नगरी निर्माण कार्य जिसमे 4 एकड़ मंदिर
7 एकड़ परकोटा 25 एकड़ परिसर भूमि
जिसकी लागत एक लाख एक हजार करोड़ रुपये होगी
इस उद्देश्य को लेकर संत श्री माताजी

**तत्व तत्व से बनेगा तीर्थराज देवि निकुंभला धाम । एक दिन सारे जगत में होगा छत्तीसगढ़ का नाम ॥**

## खबर संक्षेप

### बेमेतरा में पानी संकट की चेतावनी, रेत माफियाओं पर लगाम की मांग



**बेमेतरा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने प्रशासन से कहा है कि जिले में बढ़ती पानी की किल्लत को देखते हुए अवैध रेत खनन पर कड़ा नियंत्रण किया जाए। उनका कहना है कि वर्षा कम होने और भूमिगत जल स्तर गिरने से हजारों बोर पंप सूखे पड़े हैं, और अगर तत्काल कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति महाराष्ट्र के लातुर जैसी हो सकती है। छाबड़ा ने कहा कि शिवनाथ नदी में बने ऐनीकट और इंटकवेल की निगरानी आवश्यक है ताकि ग्रामीण अंचल और शहर को मीठे पानी की सप्लाई सुनिश्चित हो सके। उन्होंने चेताया कि पूर्व में प्रशासन ने रेत माफियाओं पर नजर नहीं रखी, जिससे बड़ी मात्रा में रेत चोरी हुई। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता पानी की किल्लत दोबारा बर्दाश्त नहीं करेगी, इसलिए प्रशासन को समय रहते आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए।

### मंच निर्माण का किया गया भूमिपूजन

**कवर्धा।** जनपद पंचायत बोड़ला के ग्राम पंचायत मिनमिनिया मैदान में जनपद सदस्य निधि से 2 लाख रुपए की लागत से मंच निर्माण का भूमिपूजन विधिवत रूप से किया गया। ग्रामवासियों ने मंच निर्माण कार्य को सराहते हुए कहा कि मंच बनने से सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। इसका ग्रामीणों को लंबे समय से इंतजार था। इस अवसर पर जनपद सदस्य प्रतिभा बिहारी पटेल, सरपंच अनुसूया डेरहा पटेल, वरिष्ठजन रामाधीन पटेल, हरिचंद पटेल, मानी सूरज पटेल, मनीष पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### सारंगपुर कला में कक्षा 9 वीं 41 छात्राओं को बांटी गई सायकिल, छात्राओं में खुशी

**बोड़ला।** जनपद पंचायत बोड़ला अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगपुर कला में राज्य शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती सायकिल वितरण योजना के अंतर्गत कक्षा 9वीं की 41 बेटियों को निःशुल्क साइकिल प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से रामकिंकर वर्मा, अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत बोड़ला, पूर्णिमा मनीराम साहू सभापति जिला पंचायत कबीरधाम, गोकुल चंद्रवंशी, पूर्व उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत बोड़ला, बलदाऊ चंद्रवंशी, पूर्व उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत बोड़ला, छोटू चंद्रवंशी सदस्य प्रतिनिधि जनपद पंचायत बोड़ला सहित स्टाल के प्राचार्य व शिक्षकगण व पालकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों ने छात्राओं को सायकिल वितरण कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। साथ ही यह भी कहा कि यह योजना ग्रामीण अंचल की बेटियों के लिए शिक्षा का नया मार्ग प्रशस्त कर रही है, जिससे वे निर्भीक होकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगी। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और अभिभावक भी उपस्थित थे।

**सम्मेलन :** भाजपा का प्रबुद्ध सम्मेलन, मोदी के विकसित भारत के संकल्प पर चर्चा

# आधुनिकता और सांस्कृतिक विरासत का संगम ही आत्मनिर्भरता का आधार : साहू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत कृषि उपज मंडी में एक प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू रहे।

- सेवा पखवाड़ा के तहत कृषि उपज मंडी में कार्यक्रम आयोजित

अपने संबोधन में विधायक साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है, और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम हो रहा है। उन्होंने बताया कि भारत की 50 प्रतिशत आबादी युवा है, जिनकी भूमिका देश के विकास में बहुत अहम होगी। साहू ने जोर देकर कहा कि देश तभी आत्मनिर्भर बनेगा जब हम आधुनिकता के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत को भी संभाल कर रखेंगे।

साहू ने मोदी सरकार की कई उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता प्रधानमंत्री की देन है, और आज लोग कचरा फेंकने से पहले सोचते हैं। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार की नीतियों से देश की जीडीपी बढ़ी है और भारत अब दुनिया की पाँचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने यह भी कहा कि जीएसटी सुधारों से व्यापारी और आम जनता दोनों को फायदा हुआ है। इसके अलावा, कोरोना महामारी के दौरान प्रधानमंत्री ने पूरे देश में वैक्सीन अभियान चलाकर लोगों के लिए उचित चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित की, जो एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।




**सम्मेलन में अन्य नेताओं ने भी दिया संबोधन**

इस सम्मेलन को विधायक दीपेश साहू, विधायक ईश्वर साहू, कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र शर्मा, जिलाध्यक्ष अजय साहू, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना और पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में अन्य प्रमुख लोगों में कृष्णा प्रसाद तिवारी, ओमप्रकाश जोशी, विजय सिन्हा, नरेंद्र वर्मा, संध्या परगनिहा, ललिता साहू, निशा चौबे और कई वकील, डॉक्टर, रिटायर्ड शिक्षक और कर्मचारी मौजूद थे।

# परिक्षेत्रीय साहू समाज खाती के गिरधर साहू दोबारा अध्यक्ष बने



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

परिक्षेत्रीय साहू समाज खाती में शनिवार को पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। इस अवसर पर सर्वसम्मति से गिरधर साहू दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए। साथ ही कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में कार्यकारिणी अध्यक्ष ईश्वर साहू, संरक्षक रामलाल साहू, उपाध्यक्ष जलेश्वर साहू, महिला उपाध्यक्ष शांति बाई साहू, सचिव टहल साहू, संगठन सचिव हेमलाल साहू, सहसचिव भरत साहू, कोषाध्यक्ष खेमू राम साहू, महिला संगठन सचिव डीलेश्वरी साहू, संयोजक दानेश्वर साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक संतराम साहू, सह संयोजक युवा प्रकोष्ठ नागेश्वर साहू, प्रचार सचिव चितरेन साहू, सलाहकार नारायण साहू, न्याय प्रकोष्ठ में अजित साहू, धरम साहू, मानसिंग साहू और दुवारिका साहू, मीडिया प्रभारी विनोद कुमार साहू और समाज सेवक मोहन साहू शामिल हैं।

निर्वाचन प्रक्रिया में तहसील साहू संघ थान खम्हरिया के तहसील अध्यक्ष बसंत साहू, कार्यकारी अध्यक्ष दुखित राम साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष कारेसरा युवराज साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष थान खम्हरिया के केदार साहू सहित परिक्षेत्र खाती के ग्रामीण अध्यक्षगण रुपसिंग साहू, सीताराम साहू, मोहन साहू, राजकुमार साहू, पीलूराम साहू, जगाधर साहू, अजित साहू, लक्ष्मी नाथ साहू, सुंदर लाल साहू, खेदूराम साहू और ग्रामीण साहू संघ के अनेक पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

स्वास्थ्य विभाग, जिला बेमेतरा के दिशा-निर्देशों में समस्त आयु वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से विभिन्न अभियान आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत शासकीय कन्या हाई स्कूल साजा और देवकर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शनिवार को आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में बालिकाओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को मेंसुरेंस, खून की कमी, पोषण, आयरन, फोलिक एसिड और कृमि दवा के सेवन के साथ-साथ विभिन्न रोगों के कारण और बचाव के बारे में स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गई।



शिविर में 302 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा स्वास्थ्य जांच के पश्चात दवाई वितरण भी किया गया।

कन्या विद्यालय साजा में शिविर में डॉ. प्रियंका साहू, आरएचओ कविता ध्रुव, विमला निर्मल, एमटी रसमेश्वरी साहू, मीनाक्षी पांडेय ने स्वास्थ्य जांच में सहयोग किया। इसी तरह शासकीय हाई स्कूल देवकर में स्वास्थ्य परीक्षण में डॉ. सुप्रभा श्रीमाली, आरएचओ कविता वानखेडे, बिना मंडावी ने बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

# सांसद विजय के निवास में सांसद खेल महोत्सव को लेकर बैठक



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में आयोजित सांसद खेल महोत्सव को लेकर दुर्ग सांसद विजय बघेल के निवास पर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में बेमेतरा विधानसभा से भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी एवं साजा से जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गोविंद पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जानकारी दी गई कि सांसद खेल महोत्सव के तहत कुल 10 खेलों का आयोजन किया जाएगा। इन खेलों में प्रमुख खेलों में कुश्ती, वेटलिफ्टिंग, योगासन, एथलेटिक्स और वॉलीबाल शामिल हैं। वहीं, पारंपरिक खेलों में सुरीली कुर्सी, फुगड़ी, गेड़ी, खो-खो और कबड्डी की प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतियोगिताएँ अलग-अलग उम्र वर्गों (9 से 15 वर्ष, 15 से 30 वर्ष तथा 30 वर्ष से अधिक) और महिला, पुरुष तथा दिव्यांग श्रेणियों में आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम का आयोजन चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। 21 सितम्बर से गांव-गांव में रजिस्ट्रेशन शुरू होगा, जिसकी अंतिम तिथि 5 अक्टूबर निर्धारित की गई है। 6 से 10 अक्टूबर तक ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर खेल होंगे, 11 से 17 अक्टूबर तक क्लस्टर स्तर पर मुकाबला होगा, 10 से 15 नवम्बर तक विधानसभा स्तर पर और अंततः 23 से 25 दिसम्बर तक लोकसभा स्तर पर प्रतियोगिता सम्पन्न होगी। बैठक में बेमेतरा विधानसभा को चार क्लस्टरों में विभाजित कर क्लस्टर स्तर पर प्रतियोगिताएँ आयोजित करने की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई। प्रत्येक क्लस्टर की विजयी टीमें/खिलाड़ी विधानसभा स्तर पर मुकाबला करेंगे और विधानसभा स्तर पर विजयी खिलाड़ी लोकसभा स्तर पर दुर्ग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। लोकसभा स्तर की फाइनल प्रतियोगिता दुर्ग में भव्य समापन समारोह के साथ सम्पन्न होगी। भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया सांसद खेल महोत्सव ग्रामीण और कस्बाई खिलाड़ियों के लिए सुनहरा अवसर है। यह आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को आगे लाएगा, बल्कि युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की चेतना भी जागृत करेगा।

# विशेष स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम, पौधरोपण भी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ स. लोहारा

छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा का आयोजन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर एवं रजत जयंती का आयोजन 19 सितम्बर से 26 सितम्बर तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में अभियान के तहत नगर पंचायत सहसपुर द्वारा 21 सितंबर 2025 को नया बस स्टैंड एवं बाजार परिसर के पास विशेष स्वच्छता श्रमदान का आयोजन किया गया एवं मुक्तिधाम परिसर व एसएलआरएम सेंटर में वृक्षारोपण का आयोजन कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण में भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य संदेश लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें अपने घरों और सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करना था। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मिश्रा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह चंद्रवंशी एवं पार्षदगण, समस्त कर्मचारी एवं सफाई कर्मचारी उपस्थित थे। विभिन्न स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने भी इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से हिस्सा लिया।



# ग्राम मुड़वाही सचिव प्रदीप धुर्वे तत्काल प्रभाव से निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने, समय पर आवास को पूरा नहीं कराने तथा प्रस्तावित आवास निर्माण को प्रारंभ नहीं करने बैठक में अनुपस्थित रहने के लिए ग्राम पंचायत मुड़वाही सचिव प्रदीप धुर्वे को कलेक्टर गोपाल वर्मा ने तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत के सभा कक्ष में कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत बनाए जा रहे हैं आवास से संबंधित 95 ग्राम पंचायतो की गहन समीक्षा की। इस दौरान विकासखंड बोड़ला के ग्राम पंचायत शीतलपानी कुकरापानी, राजाढार, दुर्जनपुर, केसमार्दो लूप, मुडघुसरी, बेंदा मुड़वाही जैसे अनेक ग्राम पंचायत में निर्माणधीन आवास लंबे समय से पूरा नहीं होने पर संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव ग्राम रोजगार सहायक एवं तकनीकी सहायकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा की आगामी एक सप्ताह के भीतर सभी आवास को प्रारंभ करते हुए छत स्तर तक निर्मित आवास को पूरा नहीं कराने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी भी उपस्थित थे। जनपद पंचायत पंडरिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत कांदावानी, तेलियापानी, लेदरा, अमनिया, बिरूहलडीह, बदना, भेलकी, सेंदुरखार, डालामौहा, आगरपानी, महीडबरा जैसे ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर श्री वर्मा ने कड़ी नाराजगी व्यक्ति की। कलेक्टर श्री वर्मा ने समीक्षा के दौरान पाया कि जिले में कुल 9625 प्रधानमंत्री जनमन आवास का निर्माण किए जाने के लिए स्वीकृत है।

## त्यौहारी सीजन में यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग

**कवर्धा।** कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) जिला इकाई कवर्धा के पदाधिकारियों ने रविवार को यातायात प्रभारी अजयकांत तिवारी से भेंटकर आगामी त्यौहारी सीजन में कवर्धा शहर के यातायात एवं व्यापारिक व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु विस्तृत चर्चा की। बैठक में कैट पदाधिकारियों ने कहा कि त्यौहारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए ग्राहकों की सुविधा एवं व्यापारिक सुगमता के लिए शहर में कई ठोस कदम उठाना आवश्यक है। दर्रीपारा क्षेत्र में बैंकों के सामने अव्यवस्थित रूप से खड़ी गाड़ियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, एचडीएफसी बैंक के पास और अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात को व्यवस्थित किया जाए तथा खाली पड़ी जगहों पर अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक प्रमुख चौक पर यातायात पुलिस जवानों की प्रभावी तैनाती की जरूरत है।

## पेज 9 के शेष...

### नवरात्रि-दशहरा की तैयारियों...

तथा सरकारी गाइडलाइन का पालन करने का आग्रह किया। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि तेज गति से बाइक चलाने वाले और अराजक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, पूजा पंडालों और विसर्जन के समय अश्लील गानों या अत्यधिक तेज आवाज वाले डीजे संचालकों को भी सख्त चेतावनी दी गई। प्रतिमा विसर्जन के लिए विशेष दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। इस अवसर पर वीरेंद्र सिन्हा, नेहा जितेंद्र सिन्हा, पार्षद विजय यादव, चंद्रशेखर राजपूत, आदर्श जोशी, मनीष रात्रे, राजेश राजपूत, दुखीत राम साहू, सोनू शर्मा, करीम बैग, टीकम अग्रवाल, डॉ. गोविंद शर्मा, सूरज पाल, भैया राम रात्रे, आरक्षक मुकेश सिंह एवं सौरभ सिंह उपस्थित थे।

### शराबी पति ने...

के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर हत्या का मामला दर्ज किया। पुलिस ने हत्या के आरोप में आरोपी के खिलाफ धारा बीएनएस 103(1) के तहत अपराध दर्ज किया है।

**पुलिस को करनी पड़ी मशक्कत-** मौके पर एसडीओपी कौशल्या साहू, थाना प्रभारी अलील चंद, फॉरेंसिक टीम सहित पुलिस का पूरा अमला पहुंचा। पुलिस को ग्रामीणों को शांत करने में करीब तीन घंटे मशक्कत करनी पड़ी। अंततः स्थिति नियंत्रण में आई और शव को पोस्टमार्टम के लिए नवागढ़ अस्पताल भेजा गया। देर शाम तक पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### बिजली संकट को...

खेमू साहू, बेरला खड़ अध्यक्ष धनंजय निषाद, बेरला खड़ उपाध्यक्ष भूषण प्रताप, नगर अध्यक्ष साजा सुनील वर्मा, नवागढ़ खड़ अध्यक्ष छन्नूराम साहू और जिला मीडिया प्रभारी नंदु निषाद कर रहे हैं। इस अवसर पर जिलेभर से सैकड़ों जोहार सेनानी भाग लेकर सरकार और संबंधित विभाग का ध्यान आकर्षित करेंगे। पार्टी नेताओं ने कहा है कि यदि बिजली की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो भविष्य में बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने आमजन से भी इस आंदोलन में शामिल होकर अपनी हिस्सेदारी निभाने की अपील की है।

### स्वच्छता जागरूकता...

टिंकू चावला, जीवन शर्मा, रामा मोटवानी, रमन काबरा और नगर पालिका के पार्षद पंचू साहू, अशोक शर्मा, नीतू कोठरी, आकिब मालकानी, विकाष तम्बोली प्रमुख रूप से मौजूद थे।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा और पार्षदों ने सहयोग संगठन के सचिव सुशील शर्मा को ई-रिक्शा भेंट किया, ताकि सुबह के अभियान में और सुविधा हो। सहयोग के सचिव सुशील शर्मा ने बताया कि यह जन आंदोलन आगे भी जारी रहेगा और लोगों को जागरूक करने का प्रयास निरंतर किया जाएगा।



